Seventeenth Loksabha

>

Title: Demand to construct a super express way between Aurangabad and Shridi.

श्री सय्यद ईम्तयाज़ ज़लील (औरंगाबाद): माननीय अध्यक्ष जी, मुझे मालूम है कि सदन के अंदर बहुत सारे ऐसे माननीय सांसद हैं जो शिरडी के साईंबाबा के भक्त हैं । शिरडी जाने के लिए जो रास्ता है और विशेषकर दक्षिण राज्यों से जो श्रद्धालु आते हैं, वे औरंगाबाद में उतरते हैं और औरंगाबाद से शिरडी की तरफ जाते हैं । यह रास्ता महज सौ कि.मी. का है लेकिन यह रास्ता इतना खराब है कि सौ कि.मी. ट्रैवल करने के लिए तीन-साढ़े-तीन घंटे लग जाते हैं । हमने पी.डब्ल्यू.डी मिनिस्टर साहब से अपील की है कि अगर औरंगाबाद और शिरडी को जोड़ने के लिए एक सुपर एक्सप्रेस-वे बनाया जाए तो यकीनन बहुत सारे श्रद्धालुओं को इसका फायदा मिलेगा और जो सफर तीन घंटे के अंदर कटता है, वह वे एक या सवा घंटे के अंदर वहां पर पहुंच सकते हैं और यकीनन वे जाते हैं तो दुआ मांगने के लिए जाते हैं । हमारी यह उम्मीद रहेगी कि वे वहां पर दुआ मांगें और अगर आप सुपर एक्सप्रैस-वे बनाने की इजाजत दे दें तो यकीनन वे लोग सरकार के लिए और आपके लिए भी दुआएं करेंगे ।